# डाउनलोड

# बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) 43वीं प्रारंभिक परीक्षा प्रश्न पत्र

Downloaded from: www.studymarathon.com

# 43वीं BPSC संयुक्त प्रतियोगिता (P.T.) परीक्षा-1999

## सामान्य अध्ययन

**1. स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित है-**
(A) ब्रह्म समाज (B) आर्य समाज
(C) प्रार्थना समाज (D) बहुजन समाज
उत्तर-(B)
**व्याख्या**-स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1875 में बंबई में आर्य समाज की स्थापना की। 1877 में आर्य समाज, लाहौर की स्थापना हुई।
**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-274

**2. उपन्यास 'दुर्गेश नंदिनी' के लेखक हैं-**
(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर (B) तारकनाथ गंगोपाध्याय
(C) स्वर्ण कुमारी (D) बंकिमचंद्र चटर्जी
उत्तर-(D)

**3. 1921 का 'मोपला विद्रोह' शाखा था-**
(A) खिलाफत आंदोलन का
(B) 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का
(C) स्वदेशी आंदोलन का
(D) असहयोग आंदोलन का उत्तर-(A)
**व्याख्या**-द. मालाबार (केरल) में 1921 में हुए मोपला विद्रोह के दो कारण थे—1. मोपलाओं पर जमींदारों का अत्याचार, 2. अंग्रेजी सरकार की खिलाफत विरोधी नीतियाँ। 1921 में मोपला विद्रोह तथा खिलाफत आंदोलन द॰ मालाबार में अभिन्न रूप से गड्ड-मड्ड हो गए थे।
**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-353

**4. हो विद्रोह हुआ था-**
(A) 1620-21 में (B) 1720-21 में
(C) 1820-21 में (D) 1920-21 में
उत्तर-(C)
**व्याख्या**-छोटानागपुर क्षेत्र में हो लोगों ने 1820-21 के दौरान विद्रोह किया था। यह विद्रोह उन्होंने अपने राजा जगन्नाथ सिंह तथा कंपनी सरकार के विरुद्ध किया था।
**स्रोत**-बिहार इतिहास तथा संस्कृति/प्रमोदानंद दास, कुमार अमरेन्द्र/लूसेंट पब्लिकेशन/2008/पृष्ठ सं॰-189

**5. महात्मा गांधी तथा उनके सहयोगियों की 1942 में हुई धरपकड़ से बिहार में दंगे हुए। इसमें रेल सेवा पूर्णतः ठप हो गई। उसमें अधिकतम प्रभावित जिला था-**
(A) मुंगेर (B) गया
(C) पटना (D) शाहाबाद
उत्तर-(C)
**व्याख्या**-1942 का अगस्त विद्रोह पूर्वी तथा पश्चिमी संयुक्त प्रांत तथा उत्तरी व पश्चिमी बिहार में चरम-सीमा पर रहा था। पटना में सचिवालय गोलीकांड (11 अगस्त, 1942) के बाद दो दिनों तक कोई कानून-व्यवस्था नहीं रही थी। 15 अगस्त को पटना के आसपास संचार-साधनों को नष्ट कर रही भीड़ पर आकाश से मशीनगनों से गोलियाँ बरसाने का आदेश दिया गया था।
**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-439, 441, 443

**6. 6 जुलाई, 1942 को वर्धा में महात्मा गांधी ने कांग्रेस की कार्यकारिणी समिति में अपने 'भारत छोड़ो' आंदोलन की चर्चा की, तब उस समिति के अध्यक्ष थे-**
(A) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी
(B) अबुल कलाम आजाद
(C) जवाहरलाल नेहरू (D) ऐनी बेसेंट उत्तर-(B)
**व्याख्या**-गांधीजी ने कांग्रेस से कहा था कि अगर उसने संघर्ष का उनका प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया तो वे कांग्रेस छोड़ देंगे तथा "देश के बालू से कांग्रेस से भी बड़ा आंदोलन खड़ा कर देंगे"। फलतः कांग्रेस कार्यसमिति की वर्धा बैठक (14 जुलाई, 1942) ने गांधीजी के संघर्ष के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी तथा 8 अगस्त को अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के बंबई अधिवेशन में 'भारत छोड़ो आंदोलन' का अनुमोदन कर दिया गया। इस समय कांग्रेस के अध्यक्ष अबुल कलाम आजाद थे।

**7. 'फ्रंटियर गांधी' का असली नाम है-**
(A) पुरुषोत्तम दास टंडन (B) सुभाषचंद्र बोस
(C) खान अब्दुल गफ्फार खान
(D) अबुल कलाम आजाद उत्तर-(C)
**व्याख्या**-सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान पेशावर के पास के एक गाँव उतमनजई के अब्दुल गफ्फार खान के नेतृत्व में पठानों का अहिंसक आंदोलन चला। गफ्फार खान अपनी लोकप्रियता के कारण सीमांत गांधी (फ्रंटियर गांधी) कहकर पुकारे गए।
**स्रोत**-स्वतंत्रता संग्राम/बिपिन चंद्र, अमलेश त्रिपाठी, वरूण डे/नेशनल बुक ट्रस्ट/1998/पृष्ठ सं॰-128

**8. अगस्त, 1923 के बनारस हिन्दू महासभा के अधिवेशन की अध्यक्षता की-**
(A) स्वामी सहजानंद (B) राजेन्द्र प्रसाद
(C) लाला लाजपत राय (D) पंडित मदन मोहन मालवीय
उत्तर-(D)
**व्याख्या**-अगस्त, 1923 के बनारस हिन्दू महासभा के

Downloaded from: www.studymarathon.com

अधिवेशन की अध्यक्षता पंडित मदन मोहन मालवीय ने की थी। हिन्दू महासभा की स्थापना 1915 में हरिद्वार में मालवीय जी तथा कुछ पंजाबी नेताओं ने की थी।
**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-273

**9. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की गई थी, वर्ष-**
(A) 1865 में (B) 1867 में
(C) 1885 में (D) 1887 में **उत्तर-(C)**
**व्याख्या**-एक अवकाशप्राप्त अंग्रेज आई.सी.एस. अधिकारी ए.ओ.ह्यूम के सहयोग से 72 राजनीतिक कार्यकर्त्ताओं ने बम्बई में दिसंबर, 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नींव रखी।
**स्रोत**-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/ बिपिन चंद्र एवं अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं॰-29

**10. निम्नलिखित में कौन नरमपंथियों (Moderates) में नहीं थे ?**
(A) जी. के. गोखले (B) बाल गंगाधर तिलक
(C) आर. सी. दत्त (D) डब्ल्यू. सी. बनर्जी
**उत्तर-(B)**
**व्याख्या**-तिलक, लाजपतराय और बिपिन चंद्र पाल प्रसिद्ध उग्रवादी अथवा राष्ट्रवादी नेता थे। ये उदारवादी दल की 'पुरानी पीढ़ी' की नरम नीति के विरोधी थे। तिलक पहले व्यक्ति थे, जिसने स्वराज्य की मांग स्पष्ट रूप से की। सर वेलेंटाइन शिरोल ने उन्हें ''भारत में अशांति का जन्मदाता'' कहा था।
**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल.ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-331

**11. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन गरमपंथियों के प्रभावाधीन आया-**
(A) 1906 के बाद (B) 1909 के बाद
(C) 1914 के बाद (D) 1919 के बाद
**उत्तर-(A)**
**व्याख्या**-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में गरमपंथियों का दौर 1905 से 1919 तक रहा। 1905 के बंग-भंग के बाद स्वदेशी तथा बहिष्कार आंदोलन में गरमपंथियों की प्रमुख भूमिका रही। 1906 के कलकत्ता कांग्रेस के अधिवेशन में स्वशासन, बहिष्कार तथा राष्ट्रीय शिक्षा की मांग का प्रस्ताव पारित किया गया। यह कांग्रेस तथा राष्ट्रीय आंदोलन पर गरमपंथियों के स्पष्ट प्रभाव का प्रमाण था।

**12. भारतीय राष्ट्रीय सेना (I.N.A.) की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?**
(A) 1940 में (B) 1941 में
(C) 1942 में (D) 1943 में **उत्तर-(C)**
**व्याख्या**-कैप्टन मोहन सिंह ने 1 सितंबर, 1942 को आजाद हिन्द फौज (I.N.A) का गठन दिया। सुभाष चंद्र बोस ने इसकी कमान 2 जुलाई, 1942 को संभाली।
**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता यशपाल/एस.चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-554

**13. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक थे, एक-**
(A) असैनिक सेवक (B) विज्ञानी
(C) सामाजिक कार्यकर्त्ता (D) मिलिट्री भंडार **उत्तर-(A)**
**व्याख्या**-एक अवकाश प्राप्त अंग्रेज आई.सी.एस. अफसर ए.ओ. ह्यूम के सहयोग से दिसंबर, 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई।
**स्रोत**-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/बिपिन चंद्र एवं अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं॰-29

**14. भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु को फाँसी दी गई मार्च-**
(A) 1912 में (B) 1921 में
(C) 1931 में (D) 1941 में **उत्तर-(C)**
**व्याख्या**-लाहौर षड्यंत्र तथा अन्य मामलों में भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु को 23 मार्च, 1931 को फाँसी दे दी गई।
**स्रोत**-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/बिपिन चंद्र एवं अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं॰-192

**15. लंदन में जनरल डायर को किसने गोली मारी थी ?**
(A) बी.सी. पाल ने (B) खुदीराम बोस ने
(C) मदनलाल ने (D) ऊधम सिंह ने
**उत्तर-(D)**
**व्याख्या**-उधमसिंह गदर आंदोलन के एक कार्यकर्त्ता थे। जलियाँवाला बाग नरसंहार का बदला लेने के लिए उन्होंने जनरल डायर की हत्या ब्रिटेन में कर दी।

**16. स्वराज्य पार्टी का गठन ......... की असफलता के बाद हुआ।**
(A) असहयोग आंदोलन (B) भारत छोड़ो आंदोलन
(C) सिविल नाफरमानी आंदोलन
(D) स्वदेशी आंदोलन **उत्तर-(A)**
**व्याख्या**-असहयोग आंदोलन में गांधीजी ने 'एक वर्ष में स्वराज' का नारा दिया था। आंदोलन की असफलता के बाद काउंसिल में प्रवेश के मुद्दे पर अपरिवर्तनवादी गुट 'गया अधिवेशन' (दिसंबर, 1922) के बाद कांग्रेस से अलग हो गया तथा मोतीलाल नेहरू और सी.आर.दास के नेतृत्व में स्वराज पार्टी का गठन किया गया (मार्च, 1923 में)।
**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/रामकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-263-264

**17. I.N.A. की स्थापना हुई-**
(A) बर्मा में (B) जापान में
(C) सिंगापुर में (D) इंगलैंड में **उत्तर-(C)**
**व्याख्या**-मलाया (सिंगापुर) में कैप्टन मोहनसिंह के द्वारा 1 सितंबर, 1942 को आजाद हिंद फौज (I.N.A.) की पहली डिवीजन का गठन 16300 सैनिकों को लेकर किया गया।



Downloaded from: www.studymarathon.com

सिंगापुर में ही सुभाष चंद्र बोस ने 1943 में आजाद हिंद फौज (I.N.A.) का पुनर्गठन किया।

**स्रोत**-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/बिपिन चंद्र एवं अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं०-376

**18. अखिल भारतीय खिलाफत सम्मेलन, जो कि 1919 ई. में हुआ, उसका अध्यक्ष किसे चुना गया था ?**

(A) महात्मा गांधी (B) जवहार लाल नेहरू
(C) शौकत अली (D) एस.सी. बोस **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-तुर्की के खलीफा के पक्ष में भारतीय मुसलमानों द्वारा 1919 में खिलाफत आंदोलन शुरू किया गया। नवंबर, 1919 में गांधीजी अखिल भारतीय खिलाफत सम्मेलन के अध्यक्ष चुने गए।

**स्रोत**-स्वतंत्रता संग्राम/बिपिनचंद्र, अमलेश त्रिपाठी, बरुण डे/नेशनल बुक ट्रस्ट/1998/पृष्ठ सं०-99

**19. 1908 में बाल गंगाधर तिलक को जेल हुई-**

(A) 5 वर्ष की (B) 6 वर्ष की
(C) 7 वर्ष की (D) 8 वर्ष की **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-1907 ई. में सूरत अधिवेशन में उग्रवादी गुट को कांग्रेस से बाहर निकाल देने के बाद उग्रवादी आंदोलन कमजोर पड़ गया, क्योंकि 1908 में तिलक को 6 वर्षों की जेल हो गई, लाजपत राय देश से निर्वासित हो गए तथा अरविंद घोष ने सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/प्रशांत दत्त/नेशनल पब्लिकेशन/1919/ पृष्ठ सं०-154

**20. अधिकतर नरमपंथी नेता थे-**

(A) ग्रामीण क्षेत्रों से (B) शहरी क्षेत्रों से
(C) ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में
(D) पंजाब से **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-1885 में कांग्रेस की स्थापना और गांधी के आगमन के बीच के काल में राष्ट्रीय आंदोलन मुख्य तौर पर एक शहरी आंदोलन ही रहा। इसमें शहरी लोगों ने ही भाग लिया। भारत की ग्रामीण जनता की इसमें कोई हिस्सेदारी नहीं थी।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/प्रशांत दत्त/नेशनल पब्लिकेशन/1919/ पृष्ठ सं०-140

**21. रामविलास सिंह फॉरवर्ड ब्लॉक के एक सक्रिय सदस्य थे, जिला-**

(A) जमशेदपुर के (B) दरभंगा के
(C) पटना के (D) मुंगेर के **उत्तर-(D)**

**22. 'पृथ्वीराजरासो' के लेखक हैं-**

(A) कल्हण (B) विल्हण
(C) जयनक (D) चंदबरदाई **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-पृथ्वीराजरासो की रचना चंदबरदाई ने की थी जो पृथ्वीराज चौहान-III का सामंत तथा राजकवि था। इसे हिन्दी का प्रथम् महाकाव्य माना जाता है।

**स्रोत**-मध्यकालीन भारत, भाग-I (750-1540)/हरीशचंद्र वर्मा/हिन्दी मध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2011/पृष्ठ सं०-490

**23. विजयनगर के शासक कृष्णदेव राय ने गोलकुंडा का युद्ध किस राजा के साथ लड़ा था ?**

(A) कुली कुतुबशाह (B) कुतुबुद्दीन ऐबक
(C) इस्माइल अरिलशाह (D) गजपति **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-कृष्णदेव राय की उड़ीसा में व्यस्तता का लाभ उठाकर गोलकुंडा के सुल्तान कुली कुतुबशाह ने विजयनगर के कुछ किलों को हथिया लिया। क्रुद्ध होकर कृष्णदेवराय ने सालुव तिम्म को भेजकर, गोलकुंडा को बुरी तरह पराजित किया।

**स्रोत**-मध्यकालीन भारत, भाग-I (750-1540)/हरीशचंद्र वर्मा/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2011/पृष्ठ-273

**24. 'स्वप्नवासवदत्ता' के लेखक हैं-**

(A) कालिदास (B) भास
(C) भवभूति (D) राजशेखर **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-भास संस्कृत के प्रथम् नाटककार हैं। इनकी तेरह प्रसिद्ध रचनाएँ हैं, जिनमें प्रसिद्ध हैं—स्वप्नवासवदत्ता प्रतिज्ञायौगंधरायण, दरिद्रचारूदत्त, बालचरित, उरुभंग, दूतघटोत्कच, मध्यम व्यायोग आदि। इनका काल ई.पू. 5वीं 4 थी सदी माना जाता है।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-22/पृष्ठ सं०-791

**25. राजा खारवेल का नाम जुड़ा है-**

(A) गिरनार स्तंभ लेख के साथ
(B) जूनागढ़ स्तंभ लेख के साथ
(C) हाथीगुंफा लेख के साथ
(D) सारनाथ लेख के साथ **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-उड़ीसा के पुरी जिले में स्थित उदयगिरी खंडगिरी की पहाड़ियों में हाथीकुंडा लेख की खोज 1825 में स्टर्लिंग ने की थी। कनिंघम तथा भगवान लाल इन्द्र द्वारा इसका शुद्ध पाठ प्रस्तुत करने पर पता चला कि यह कलिंगराज खारवेल की प्रशस्ति है। लेख की तिथि प्रथम् सदी ई. पू. मानी जाती है। यह ब्राह्मी लिपि में खुदा है।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-306

**26. ताम्रपत्र लेख दर्शाते हैं कि प्राचीन काल में बिहार के राज्यों का संपर्क था-**

(A) बर्मा से (B) थाइलैंड से
(C) कंबोडिया से (D) जावा-सुमात्रा से

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-गुप्तकाल के अंतिम दौर में रोमन साम्राज्य से व्यापार के पतन के बाद बिहार समेत पूरे भारतीय क्षेत्र का व्यापार द.-पू. एशिया से बढ़ा, जिसमें सुवर्णद्वीप में स्थित जावा तथा सुमात्रा का विशेष स्थान था।



Downloaded from: www.studymarathon.com

27. नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना का युग है-
(A) मौर्य (B) कुषाण
(C) गुप्त (D) पाल उत्तर-(C)
व्याख्या-ह्वेनसांग के अनुसार नालंदा विश्वविद्यालय का संस्थापक शक्रादित्य था। इसकी पहचान कुमारगुप्त प्रथम (415-455 ई.) से की गई है। हर्षकाल तक इस विश्वविद्यालय ने अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर ली थी। हर्ष ने नालंदा में एक ताम्र विहार बनवाया था।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-771

28. खजुराहो मंदिर स्थापत्य निर्माण में सहयोगी थे-
(A) चंदेल (B) गुर्जर-प्रतिहार
(C) चाहम ान (D) परमार उत्तर-(A)
व्याख्या-खजुराहो के मंदिर चंदेलों द्वारा बनवाए गए। यहाँ प्रायः 30 मंदिर हैं, जो विष्णु, शिव तथा जैन तीर्थंकरों को समर्पित हैं। इनमें 'कंडारिया महादेव' का मंदिर सबसे प्रसिद्ध है।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-597

29. विक्रमशिला शिक्षा केन्द्र के संस्थापक का नाम है-
(A) देवपाल (B) धर्मपाल
(C) नयनपाल (D) नरेन्द्रपाल उत्तर-(B)
व्याख्या-विक्रमशिला महाविहार की स्थापना पाल शासक धर्मपाल (725-800 ई.) ने करवाई थी। यहाँ 6 महाविद्यालय थे। प्रत्येक में एक केन्द्रीय कक्ष तथा 108 अध्यापक थे। 1203 ई. में मुस्लिम आक्रांता बख्तियार खिलजी ने इसे नष्ट कर दिया।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-22/पृष्ठ सं॰-774-775

30. बारहवीं सदी में राष्ट्रकूट वंश के पाँच शिलालेख किस राज्य में मिले हैं ?
(A) तमिलनाडु (B) कर्नाटक
(C) केरल (D) महाराष्ट्र उत्तर-(B)
व्याख्या-राष्ट्रकूट वंश की स्थापना 650 ई. में दंतिदुर्ग/दंतिवर्मन (650-670 ई.) ने की थी। इस वंश का अंतिम शासक कर्क-द्वितीय (972-974 ई.) था।

31. 'मसवीस' जो बाबर द्वारा मुस्लिम कानून के नियमों का संग्रह है, उसका नाम है-
(A) मुबाइयान (B) दीवान
(C) प्रोसार्डी पर तुर्की संग्रह
(D) बाबरनामा
उत्तर-(A)
व्याख्या-बाबर ने फारसी में नवीन पद्य-शैली को जन्म दिया, जिसे 'मुबाइयाँ' कहा जाता है। इसमें बाबर द्वारा मुस्लिम कानूनों का संग्रह है। 'दीवान' तुर्की भाषा में उसका कविता संग्रह हैं। 'बाबरनामा' उसकी आत्मकथा है।
स्रोत-भारत का इतिहास 1000-1707/आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/1991/पृष्ठ सं॰-327

32. औरंगजेब द्वारा चलाए गए 'जिहाद' का अर्थ है-
(A) दारूल हर्ब (B) दारूल इस्लाम
(C) होली बार (D) जजिया उत्तर-(C)
व्याख्या-इस्लामी सिद्धांतों के अनुसार 'दारुल हर्ब' काफिरों के देश को कहते हैं तथा इस्लामी राज्य को 'दारुल इस्लाम' कहा जाता है। जिहाद (होली वार) का अर्थ है काफिरों को मुसलमान बनाने के लिए छेड़ा जाने वाला धर्मयुद्ध। जजिया का अर्थ है गैर मुसलमानों/काफिरों से उनकी प्राणरक्षा के नाम पर लिया जाने वाला कर।

33. रानी पद्मिनी का नाम अलाउद्दीन की चित्तौड़ विजय से जोड़ा जाता है। उनके पति का नाम है-
(A) महाराणा प्रताप सिंह (B) रणजीत सिंह
(C) राजा मान सिंह (D) राणा रतन सिंह
उत्तर-(D)
व्याख्या-रानी पद्मिनी चित्तौड़ के राजा राणा रतन सिंह की पत्नी थीं। पद्मिनी की कहानी का प्रथम् विवरण जायसी की रचना पद्मावत (1540) में मिलता है।
स्रोत-भारत का इतिहास-1000-1707/आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/1991/पृष्ठ सं॰-117

34. जगदीशपुर के राजा थे-
(A) नाना साहब (B) ताँत्या टोपे
(C) लक्ष्मीबाई (D) कुँवर सिंह उत्तर-(D)
व्याख्या-1857 के विद्रोह के दौरान कुंवर सिंह जगदीशपुर के जमींदार थे। उन्होंने जुलाई, 1857 में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध विद्रोह दिया। उनकी मृत्यु अप्रैल, 1858 में हुई।
स्रोत-सृजन सामान्य अध्ययन-बिहार इतिहास कथा-संस्कृति/मुख्य परीक्षा विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-4-5

35. 1857 के विद्रोह का बिहार में 15 जुलाई, 1857 से 20 जनवरी, 1858 तक केन्द्र था-
(A) रामपुर (B) हमीरपुर
(C) धीरपुर (D) जगदीशपुर
उत्तर-(D)
व्याख्या-1857 के विद्रोह का बिहार में प्रमुख केन्द्र जगदीशपुर (आरा) रहा। कुँवर सिंह के नेतृत्व में विद्रोह जुलाई, 1857 से अप्रैल, 1858 तक चलता रहा।
स्रोत-सृजन सामान्य अध्ययन, बिहार इतिहास, कला-संस्कृति/मुख्य परीक्षा विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-4-5

36. 6 अगस्त, 1942 को जिन दो नेताओं (हजारीबाग) को गिरफ्तार किया गया, वे थे-
(A) रामलाल और देवीलाल
(B) नारायण सिंह और सुखलाल सिंह
(C) रामनाथ और देवनाथ
(D) शिव कुमार और रामानंद उत्तर-(D)

Downloaded from: www.studymarathon.com

37. श्री जगतनारायण लाल की पत्नी का नाम था-
(A) श्रीमती रामप्यारी (B) श्रीमती सुंदरी देवी
(C) श्रीमती भगवती देवी (D) श्रीमती मंगला देवी
उत्तर-(A)

व्याख्या-भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान राजेन्द्रप्रसाद की बहन भगवती देवी की अध्यक्षता में पटना में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जगतनारायण लाल की पत्नी रामप्यारी देवी ने भी भाग लिया।
स्रोत-सृजन बिहार विशेष/P.T. विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-31

38. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को 9 अगस्त, 1942 को गिरफ्तार करके भेजा गया-
(A) कैंप जेल (B) हजारीबाग जेल
(C) भागलपुर जेल (D) बाँकीपुर जेल उत्तर-(D)

व्याख्या-9 अगस्त, 1942 को कांग्रेस के सभी महत्वपूर्ण नेता गिरफ्तार कर लिए गए तथा कांग्रेस को अवैध घोषित कर दिया गया। इसी दिन राजेन्द्र प्रसाद को गिरफ्तार कर बाँकीपुर जेल में रखा गया।
स्रोत-सृजन सामान्य अध्ययन, बिहार-इतिहास, कला-संस्कृति/मुख्य परीक्षा विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-42

39. पटना के 1857 ई॰ के स्वतंत्रता संग्राम में नेता थे-
(A) हैदर अली खान (B) राजपूत कुँवर सिंह
(C) जुधार सिंह (D) कुशल सिंह उत्तर-(B)

व्याख्या-1857 ई. के स्वतंत्रता संग्राम में बिहार के प्रमुख नेता थे जगदीशपुर के जमींदार कुँवर सिंह। दानापुर रेजीमेंट के सिपाहियों ने इनको अपना नेता घोषित किया। इन्होंने आजमगढ़, कानपुर तथा गाजीपुर में भी अंग्रेजी फौज के छक्के छुड़ाए। 1858 के अप्रैल में जगदीशपुर में इनकी मृत्यु हुई।
स्रोत-सृजन सामान्य अध्ययन, बिहार-इतिहास, कला-संस्कृति/मुख्य परीक्षा विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-8-10

40. जयप्रकाश दिवस मनाया गया-
(A) जनवरी, 1946 में (B) फरवरी, 1946 में
(C) मार्च, 1946 में (D) अप्रैल, 1946 में
उत्तर-(B)

व्याख्या-फरवरी, 1946 को बाँकीपुर, पटना में श्रीकृष्ण सिंह तथा जगतनारायण लाल ने जयप्रकाश दिवस मनाया।
स्रोत-सृजन सामान्य अध्ययन, बिहार-इतिहास, कला-संस्कृति/मुख्य परीक्षा विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-31

41. सही कथन चुनें-
(A) आर्यभट्टीय एक गणितीय ग्रंथ है।
(B) लीलावती ग्रंथ ब्रह्मगुप्त वृत है।
(C) पंचसिद्धांतिक्य सातवीं सदी का ग्रंथ है।
(D) गणित सार-संग्रह में शून्य को संख्या नहीं माना गया है।
उत्तर-(A)

व्याख्या-'आर्यभट्टीयम' आर्यभट्ट कृत एक गणितीय रचना है, जिसमें अंकगणित, ज्यामिती, बीजगणित तथा त्रिकोणमिति के सिद्धांत दिए गए हैं। 'लीलावती' भास्कराचार्य (12वीं सदी) की रचना 'सिद्धांत शिरोमणि' का एक भाग है। पंचसिद्धान्तिका वाराहमिहिर कृत छठी सदी की रचना है।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-885-886, 888

42. रामेश्वरम किस राज्य का हिस्सा है?
(A) आन्ध्र प्रदेश (B) प॰ बंगाल
(C) तमिलनाडु (D) केरल
उत्तर-(C)

व्याख्या-तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई है। रामेश्वरम तमिलनाडु राज्य में अवस्थित है। हिन्दुओं का प्रमुख तीर्थ स्थल है। मन्नार की खाड़ी के पास अवस्थित है।
स्रोत-दी ttk स्कूल एटलस, पृष्ठ सं॰-23

43. भारत में सिलिकन घाटी का नाम किसे दिया गया है?
(A) हैदराबाद (B) मुम्बई
(C) बंगलौर (D) चेन्नई
उत्तर-(C)

व्याख्या-कर्नाटक की राजधानी बंगलौर है। कम्प्यूटर में उपयोग होने वाले साफ्टवेयर के निर्माण में प्रयुक्त सिलिकॉन चिप्स के कारण बंगलौर को सिलिकन घाटी कहते हैं। इसे इलेक्ट्रॉनिक उद्योग की राजधानी भी कहते हैं।
स्रोत-सामाजिक विज्ञान, भाग-2 कक्षा-10 पृष्ठ सं॰-53

44. कोयला उत्पादन में राज्यवार घटता क्रम है-
(A) बिहार, मध्य प्रदेश, प॰ बंगाल
(B) मध्य प्रदेश, प॰ बंगाल, बिहार
(C) पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, बिहार
(D) बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश
उत्तर-(A)

व्याख्या-बिहार से झारखण्ड अलग हो जाने के कारण अब झारखण्ड राज्य में कोयला चला गया है। इसलिए क्रम झारखण्ड, छत्तीसगढ़, (मध्य प्रदेश से बटकर बना, अधिकांश कोयला इसके हिस्से में), प॰ बंगाल है।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं॰-124

45. राष्ट्रीय पर्यावरण शोध संस्थान स्थित है-
(A) बंगलौर (B) छोटा नागपुर में
(C) देहरादून में (D) नागपुर में
उत्तर-(D)

व्याख्या-राष्ट्रीय पर्यावरण शोध संस्थान नागपुर, महाराष्ट्र में स्थित है।
स्रोत-भारत 2007, प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-367

Downloaded from: www.studymarathon.com

46. **पश्चिम की ओर प्रवाहित होने वाली नदियाँ है-**

1. नर्मदा
2. ताप्ती
3. राप्ती

(A) 1 एवं 2 (B) 2 एवं 3
(C) 1 एवं 4 (D) 1, 2 एवं 3

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-नर्मदा व ताप्ती पश्चिम की ओर बहने वाली प्रमुख नदी है। जो अरब सागर में गिरती है। नर्मदा अमरकंटक (MP) से निकली है। ताप्ती मध्य प्रदेश के बेतुल जिले से प्रारंभ होती है।

**स्रोत**-NCERT, भारत भौतिक पर्यावरण, कक्षा-XI, पृष्ठ सं॰-34

47. **भारत अपनी आवश्यकता से अधिक उत्पादन करता है-**

(A) चाय (B) अनाज
(C) पेट्रोलियम (D) पेट्रो रसायन

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-भारत में चाय विशिष्ट रोपण फसल है। इसके लिए तापमान 20°-30° से॰ तथा वार्षिक वर्षा 150-200 से॰मी॰ उपयुक्त मानी जाती है। चाय श्रम प्रधान फसल है। चाय के प्रमुख उत्पादक राज्य असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल है। भारत संसार में चाय का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश है।

**स्रोत**-NCERT सामाजिक विज्ञान, कक्षा-X, पृष्ठ सं॰-27

48. **भारत में जनसंख्या घनत्व की दृष्टि से बिहार का क्रम है-**

(A) दूसरा (B) तीसरा
(C) आठवाँ (D) नौवाँ

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या-**

| | |
|---|---|
| **जनगणना 2001 के अनुसार** | **जनगणना 2011 के अनुसार** |
| बिहार का स्थान दूसरा था | वर्तमान में बिहार का स्थान प्रथम हो गया है। |
| 881 व्यक्ति/कि॰मी॰$^2$ | 1102 व्यक्ति/कि॰मी॰$^2$ |

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम् पृष्ठ सं॰-29

49. **पश्चिमी एवं पूर्वी घाट का मिलन स्थल है-**

(A) अनाईमुडी (B) नीलगिरि
(C) मलयगिरि (D) अन्नामलाई

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-पश्चिमी एवं पूर्वी घाट जिस स्थान पर मिलते है वह नीलगिरि की पहाड़ियाँ है। इसकी सर्वोच्च पर्वत चोटी डोडाबेट्टा है। नीलगिरि के दक्षिण में अन्नामलाई पर्वत है। इसकी प्रमुख चोटी अनाईमुडी है जो दक्षिण भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी है। इसके दक्षिण में इलायची पहाड़ियाँ हैं जिससे वैगाई नदी निकलती है।

**स्रोत**-दी ttk स्कूल एटलस, पृष्ठ सं॰-16

50. **आम्रवर्षा है-**

(A) आमों का बौछार (B) आम का टपकना
(C) बिहार एवं बंगाल में मार्च-अप्रैल में होने वाली वर्षा
(D) आम की फसल

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-ग्रीष्म ऋतु में उत्तर भारत में धूल भरी आँधियाँ और तड़ित झंझाओं का चलना सामान्य सी बात है। इसे प॰ बंगाल में काल बैशाखी, असम में बोर्डोइचिल्ला कहते हैं। इस तूफानों से वर्षा होती है जो अप्रैल और मई में होती है। इसे आम्रवृष्टि कहते हैं। यह आम के लिए लाभदायक होती है। चाय की फसल में भी लाभ पहुँचाती है इसलिए इसे चाय वर्षा, आम्र वर्षा कहते हैं।

**स्रोत**-NCERT, भारत-भौतिक पर्यावरण, कक्षा-XI, पृष्ठ सं॰-44

51. **भारत का सबसे बड़ा रबर उत्पादक राज्य है?**

(A) आंध्र प्रदेश (B) कर्नाटक
(C) केरल (D) तमिलनाडु

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-पेड़ों के क्षीर से रबर पैदा किया जाता है। इसका उपयोग औद्योगिक उत्पादों में किया जाता है। रबर वृक्ष के लिए गर्म और आर्द्र जलवायु एवं अधिक वर्षा (300 cm) उपयुक्त मानी जाती है। भारत संसार का पाँचवाँ बड़ा रबर उत्पादक देश है। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, त्रिपुरा प्रमुख उत्पादक राज्य है।

**स्रोत**-NCERT, सामाजिक विज्ञान, कक्षा-10, भाग-2, पृष्ठ सं॰-29

52. **हिमालय के पर्वतीय प्रदेश नहीं है-**

(A) ट्रॉन्स हिमालय (B) शिवालिक
(C) वृहत हिमालय (D) अरावली

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-हिमालय की लंबाई-2,500 किमी पश्चिम से पूर्व तक तथा चौड़ाई 150-400 किमी॰ के बीच है। इसकी तीन पर्वत श्रेणियाँ है-उत्तर में हिमाद्रि, मध्य में लघु (हिमाचल) हिमालय तथा शिवालिक हिमालय कहते हैं। शिवालिक का निर्माण हिमाद्रि एवं लघु हिमालय के मलवे से हुआ है। शिवालिक हिमालय की गिरिपद पहाड़ियाँ है। इसकी औसत ऊँचाई लगभग 600 मी॰ है।

**स्रोत**-NCERT भारत भौतिक पर्यावरण, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-14

53. **बोडो निवासी है-**

(A) गारो पहाड़ी के
(B) सन्थाल परगना के
(C) अमेजन बेसिन के
(D) मध्य प्रदेश के

**उत्तर-(A)**

Downloaded from: www.studymarathon.com

**व्याख्या**-गारो पहाड़ी में बोडो जनजाति निवास करती है। यह गारो पहाड़ी या मेघालय व असम में पायी जाती है। बहुत दिनों से बोडो लोग बोडोलैण्ड की माँग कर रहे हैं।
**स्रोत**-मानव भूगोल, माजिद हुसैन, पृष्ठ सं॰-240

**54. भारत में पहला पनबिजली शक्ति केन्द्र आरम्भ हुआ-**
(A) पाइकारा में (B) कोयला
(C) भाखड़ा नांगल (D) शिवसमुद्रम में

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-सन् 1897 में दार्जिलिंग में (प॰ बंगाल) में पहली बार बिजली आपूर्ति का काम किया गया, इसके बाद 1902 में कर्नाटक में शिवसमुद्रम पनबिजली घर काम करने लगा।
**स्रोत**-भारत 2013, प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-259

**55. भारत के किस राज्य में चाँदी उपलब्ध होती है-**
(A) उड़ीसा (B) आन्ध्र प्रदेश
(C) गुजरात (D) बिहार

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-भारत में चाँदी का उत्पादन बहुत कम होता है। चाँदी उत्पादक प्रमुख क्षेत्र कर्नाटक के कोलार, झारखण्ड के सिंहभूम, राजस्थान के जावर क्षेत्र। चाँदी का शोधन झारखण्ड के टुण्डु में किया गया है।
**स्रोत**-भारत का वृहत भूगोल, सी.वी. ममोरिया, पृष्ठ सं॰-690

**56. टाटा लौह इस्पात कारखाना में लौह अयस्क की आपूर्ति होती है-**
(A) बेलाडिला से (B) क्योंझार
(C) मयूरगंज से (D) सिंहभूम से

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-टिस्को का लौह-अयस्क झारखण्ड के सिंहभूम जिले से मिलता है।
**स्रोत**-NCERT कक्षा-10, भारत का भूगोल, पृष्ठ सं॰-119

**57. कृषि में युग्म पैदावार का आशय.......को उगाने से है-**
(A) विभिन्न मौसमों पर दो फसल
(B) एक ही साथ दो फसल
(C) अन्य फसल के साथ एक फसल
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-कृषि में युग्म पैदावार का अर्थ है एक ही साथ दो फसलों को उगाना। जैसे-ज्वार के साथ उड़द, गेहूँ के साथ मटर या सरसों।
**स्रोत**-NCERT, सामाजिक विज्ञान, कक्षा-8

**58. माउण्ट एटना है-**
(A) एक पर्वत (B) एक पर्वत शिखर
(C) एक ज्वालामुखी (D) एक पठार

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-माउण्ट एटना एक जाग्रत ज्वालामुखी है। सिसली द्वीप पर स्थित है। स्ट्रॉम्बोली भी एक सक्रिय ज्वालामुखी है, जो सिसली के उत्तर में लिपारी द्वीप पर स्थित है। इसे 'भूमध्य सागर का प्रकाश स्तम्भ' कहते हैं।
**स्रोत**-भौतिक भूगोल, सविन्द्र सिंह, पृष्ठ सं॰-122

**59. पानामा नहर जोड़ती है-**
(A) उत्तरी अमेरिका एवं दक्षिणी अमेरिका को
(B) प्रशान्त महासागर एवं अंध महासागर को
(C) लाल सागर एवं भूमध्य सागर को
(D) हिन्द महासागर एवं प्रशान्त महासागर को।

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-पनामा नहर अटलांटिक महासागर को पश्चिम में प्रशांत महासागर से जोड़ता है। अत: यह उत्तर एवं दक्षिण अमेरिका के मुख्य स्थल खण्डों को अलग करती है।
**स्रोत**-NCERT, मानव भूगोल के मूल सिद्धांत, कक्षा-12, पृष्ठ सं॰-96-97

**60. ग्राण्ड कैनियन है-**
(A) एक खड्ड (Gorge) (B) एक बड़ी तोप
(C) एक नदी (D) एक पुरानी तोप

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-शुष्क प्रदेशों से होकर बहने वाली बारहमासी नदियों की घाटी की चौड़ाई वर्षा के अभाव के कारण नहीं बढ़ती। वहाँ नदी सिर्फ अपने तल को काटकर गहरा बनाती है। इससे अत्यधिक गहरे महाखड्डों का निर्माण होता है। जिन्हें 'केनियन' कहते हैं। U.S.A के कोलारेडो नदी के केनियन विश्व प्रसिद्ध है। इसे ही "ग्रैंड कैनियन" कहा गया है। यह आई (I) आकार का होता है।
**स्रोत**-NCERT भूगोल के सिद्धान्त, भाग-1, कक्षा-11 पृष्ठ सं॰-78-79

**61. किसी स्थान का मानक समय निर्धारित करने का आधार होता है।**
(A) देशान्तर रेखा (B) अक्षांश रेखा
(C) अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा
(D) प्रधान मध्याह रेखा

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-मानक समय निर्धारित करने के लिए आधार प्रधान मध्याह्न रेखा है। प्रधान मध्याह रेखा का ही $0^0$ देशांतर कहते है। $0^0$ देशांतर लन्दन के ग्रीनविच नामक स्थान से गुजरती है।
**स्रोत**-नवीन स्कूल राष्ट्रीय एटलस-पृष्ठ सं॰-15

**62. योजना आयोग है एक-**
(A) संवैधानिक विकास (B) तदर्थ निकाय
(C) असंवैधानिक निकाय (D) इनसे से कोई नहीं

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-भारत में योजना आयोग का गठन 1950 ई॰ में हुआ। यह एक सलाहकारी संस्था है, जिसका पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है। प्रथम अध्यक्ष प॰ जवाहरलाल नेहरू थे। यह एक असंवैधानिक निकाय है।
**स्रोत**-भारत 2013 प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-692



Downloaded from: www.studymarathon.com

63. भारत सरकार द्वारा समुदाय विकास योजनाओं की शुरूआत की गई 2 अक्टूबर-
(A) सन् 1950 को (B) सन् 1951 को
(C) सन् 1952 को (D) सन् 1953 को
उत्तर-(C)
व्याख्या-भारत में सन 2 अक्टूबर 1952 में सामुदायिक विकास कार्यक्रम शुरू किया गया था। इसके द्वारा ग्रामीण विकास पर ध्यान केन्द्रित किया गया था।।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक 2012, पृष्ठ सं॰-175

64. भारत सरकार द्वारा व्यवसायिक बैंकों के लिए पूँजी की पर्याप्तता मानक है-
(A) 5% (B) 6%
(C) 7% (D) 8%
उत्तर-(D)
व्याख्या-रिजर्व बैंक द्वारा अप्रैल, 1992 ई॰ में 8% पूँजी पर्याप्तता मापदण्ड निर्धारित किया गया और तीन वर्षों में से सभी बैंकों को पूरा करने का निर्देश दिया।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-930-931

65. निम्न में से कौन-सा वित्तीय संस्थान विश्व बैंक समूह से संबंधित नहीं है-
(A) IMF (B) IBRD
(C) ADB (D) IDA
उत्तर-(C)
व्याख्या-अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक (IBRD) को 'विश्व बैंक' भी कहा जाता है। इसकी स्थापना 1945 में की गयी तथा मुख्यालय वांशिगटन डी. सी. (USA) में है।
IMF– अन्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष। इसकी स्थापना 27 दिसम्बर 1945 ई॰ में इसका मुख्यालय वाशिंगटन डी. सी. (U.S.A)।
IFC–20 जुलाई 1956 ई॰ में विश्व बैंक द्वारा किया गया। यह विश्व बैंक की सहयोगी संस्था है।
ADB–एशियाई विकास बैंक, इसकी स्थापना 1966 ई॰ में की गई, मुख्यालय मनीला (फिलिपिन्स) मे है। इसके तीन प्रतिनिधि कार्यालय टोकियो, फ्रैंकफर्ट, वाशिगटन डी.सी. (U.S.A.) इसकी स्थापना U.S.A. एवं जापान के सहयोग से की गई। यह विश्व बैंक समूह से संबंधित नहीं है।
स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं॰-273, 275, 278, 285

66. सन् 1971 एवं सन 1981 की तुलना में सन 1981 एवं सन 1991 के बीच भारत में जनसंख्या का दशक आधार वृद्धि दर सीमान्त रूप से-
(A) बढ़ गया है (B) एक ही रह गया है
(C) घट गया है (D) घटती दर से
उत्तर-(C)
व्याख्या-जनसंख्या में वृद्धि दर (दशकीय)

| | | |
|---|---|---|
| 1971-1981 | – | 24.7% |
| 1981-1991 | – | 23.9% |
| 1991-2001 | – | 21.5% |
| 2001-2011 | – | 17.6% |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि भारत में जनसंख्या का दशक आधार वृद्धि दर सीमान्त रूप से घट रहा है।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम्, पृष्ठ सं॰-26

67. ............. की सिफारिश पर बैंकों के ब्याज का नियंत्रण आधारित है।
(A) चेलैय्या कमेटी (B) दांतावाला कमेटी
(C) नरसिंह कमेटी (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(C)
व्याख्या-प्रो॰ एम॰ नरसिम्हा, भूतपूर्व गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की अध्यक्षता में वित्तीय-प्रणाली के ढाँचे, व्यवस्था, कार्य आदि सभी पहलुओं की जाँच हेतु समिति बनाई गई। समिति ने 1991 में रिपोर्ट दी कि बैंकों के ब्याज दर का नियंत्रण या निर्धारण बाजार शक्तियों द्वारा किया जाना चाहिए। बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों की जमा एवं उधार दरों पर लगाए गए सभी नियंत्रणों एवं नियमों को समाप्त कर देना चाहिए।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-925

68. वर्तमान में देश ने ग्रहण किया है?
(A) भारतीय मुद्रा की आंशिक विनिमेयता
(B) भारतीय मुद्रा की पूर्ण विनिमेयता
(C) चालू खाते की पूर्ण विनिमेयता
(D) पूँजी खाते के पूर्ण विनिमेयता
उत्तर-(C)
व्याख्या-भारत सरकार ने 9 अगस्त 1994 ई॰ से रुपये को चालू खाते में परिवर्तनीय घोषित किया। यह नीति श्री एस॰ एस॰ तारापोर की अध्यक्षता वाली समिति की अनुशंसा पर लाई गई। दूसरी तारापोर समिति स्थापित की गई 18 मार्च 2006 को, जिसने सितम्बर 2006 में रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट ने पूँजी खाते में पूर्ण परिवर्तनीयता की सिफारिश की।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-891 -892

69. MODVAT जो अप्रैल 2001 से कार्यान्वित होगा प्रतिस्थापित करता है-
(A) बिक्री कर (B) सीमा शुल्क
(C) राज्य आबकारी शुल्क (D) केन्द्रीय आबकारी शुल्क
उत्तर-(D)
व्याख्या-वर्ष 2000-2001 के बजट में उत्पाद शुल्क की तीन दरें (8, 16, 24 प्रतिशत) को 16% की एक माडवेट योग्य दर से प्रतिस्थापित किया गया, इसे ही CENVAT नाम दिया गया।
स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं-316

Downloaded from: www.studymarathon.com

70. सामान्य रूप से मुद्रा नीति का प्रधान लक्ष्य है-
(A) मुद्रा आपूर्ति का नियन्त्रण करना
(B) निजी बैंकों का नियंत्रण करना
(C) शेयर बाजार का नियंत्रण करना
(D) बहुमूल्य धातु बाजार का नियंत्रण करना

उत्तर-(A)

व्याख्या-मौद्रिक नीति रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) के द्वारा लागू की जाती है-जिसका लक्ष्य होता है-स्फीति दवाब को कम करना। इसके लिए मुद्रा की आपूर्ति को नियंत्रित किया जात है और इसके लिए बैंक दर, SLR, CRR आदि का उपयोग किया जाता है।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-956

71. जनांकिकी में लिंग अनुपात का सन्दर्भ है-
(A) एक देश में महिलाओं की संख्या से
(B) एक देश में पुरुषों की संख्या से
(C) प्रति हजार पुरुषों के साथ महिलाओं के अनुपात से
(D) प्रति हजार महिलाओं के साथ पुरुषों के अनुपात से

उत्तर-(C)

व्याख्या-प्रति हजार पुरुषों के साथ महिलाओं के अनुपात को जानांकिकी में 'लिंग अनुपात' कहा जाता है। सन 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में प्रति हजार पुरुषों के साथ महिलाओं का अनुपात 940 है।

स्रोत-जनगणना 2011, रिपोर्ट गृह मंत्रालय।

72. भारतीय मुद्रा छापी जाती है-
(A) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया में
(B) वित्त मंत्रालय में
(C) संसद में
(D) नासिक प्रिन्टिग प्रेस में

उत्तर-(D)

व्याख्या-नासिक प्रिन्टिग प्रेस में भारतीय रु॰ की छपाई की जाती है। 2 रु॰ से 1000 रु॰ तक का अधिकार RBI को है। बैंक नोट प्रेस देवास (मध्य प्रदेश) में है। RBI हेतु नोट छापने हेतु अन्य प्रेस स्थापित किए हैं। पाल्बोनी (पं॰ बंगाल), मैसूर (कर्नाटक) में।

स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं॰-140

73. रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा घोषित रोकड़ संचय अनुपात की वर्तमान दर है-
(A) 11%
(B) 10%
(C) 9%
(D) 8%

उत्तर-(B)

व्याख्या-प्रश्न पूछते समय 10% था। वर्तमान में CRR की दर 4.75% 10 मार्च, 2012 से।

स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं॰-141

74. पंचवर्षीय योजना को अन्तिम अनुमोदन देता है-
(A) राष्ट्रीय विकास परिषद् (NDC)
(B) संसद
(C) योजना आयोग
(D) योजना मंत्रालय

उत्तर-(A)

व्याख्या-राष्ट्रीय विकास परिषद एक गैर सांविधिक निकाय है। इसकी स्थापना 6 अगस्त 1952 को की गई। इसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री तथा सचिव योजना आयोग का ही सचिव होता है। इसके सदस्य सभी राज्यों के मुख्यमंत्री तथा केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् के सभी सदस्य होते हैं। के॰ सन्थानम ने NDC को सर्वोच्च मंत्रिपरिषद् की संज्ञा दी। NDC पंचवर्षीय योजना को अन्तिम रूप में स्वीकृति प्रदान करती है तब जाकर योजना का प्रारूप प्रकाशित होता है।

स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं॰-262

75. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिसे ग्रामीण बैंकों के रूप में पुकारा जाता है, वर्गीकृत है-
(A) भूमि विकास बैंकों के रूप में
(B) वाणिज्यिक बैंको की शाखा के रूप में
(C) अनिर्धारित बैंकों से
(D) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको से

उत्तर-(D)

व्याख्या-इस बैंक की स्थापना 2 अक्टूबर 1975 में की गई थी। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर वर्गों को संस्थागत ऋण उपलब्ध करना था। 2006-07 तक 196 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कायम हो चुके हैं। केलकर समिति की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए 1987 ई॰ से एक भी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक नहीं खोला गया है। यह बैंक सिक्किम एवं गोवा को छोड़कर पूरे देश में फैला हुआ है।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-615
प्रतियोगिता दर्पण अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ-154

76. भारत योजना अवकाश (Plan Holiday) होना चाहिए-
(A) 1964-69 में
(B) 1966-69 में
(C) 1974-79 से
(D) 1976-79 में

उत्तर-(B)

77. विश्व व्यापार संगठन के प्रथम अध्यक्ष हैं-
(A) आर्थर डंकेल
(B) पीटर सदरलैण्ड
(C) रूनेटो रूगोरियो
(D) बुतरस-बुतरस घाली

उत्तर-(B)

78. W.T.O. अस्तित्व में आया-
(A) जनवरी, 1994
(B) जनवरी, 1995
(C) जनवरी, 1996
(D) जनवरी, 1997

उत्तर-(B)

79. नाबार्ड (NABARD) उधार देता है-
(A) कृषि के व्यष्टिक को
(B) ग्रामीण विकास की संस्थाओं को
(C) कृषि एवं ग्रामीण विकास के बैंकों को
(D) कृषि के लिए राज्य सरकारों को

उत्तर-(C)

Downloaded from: www.studymarathon.com

**80. दुर्लभ मुद्रा (Hard Currency) का आशय उस मुद्रा से है जो-**

(A) वहन करने में बहुत कठिन है

(B) कमाने में बहुत कठिन है

(C) विकसित देशों की है।

(D) विकासशील देशों की है

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में जिस मुद्रा की पूर्ति की तुलना में माँग अधिक होती है, वह दुर्लभ मुद्रा कहलाती है। विकसित देशों की मुद्रा हार्ड करेन्सी या दुर्लभ मुद्रा कही जाती है।

**स्रोत-**प्रतियोगिता दर्पण का अतिक्तांक 2012, पृष्ठ सं॰-61

**81. पंचायती राज का प्रधान लक्ष्य है-**

(A) ग्रामवासियों के बीच प्रतिद्वन्द्विता को बढ़ाना

(B) चुनाव में लड़ने के लिए ग्रामवासियों को प्रशिक्षण देना

(C) ग्रामवासियों में शक्ति का विकेन्द्रीकरण करना

(D) इनमें से कोई नहीं **उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**संविधान के 73वें संशोधन के अनुसार देश में पंचायती राज व्यवस्था को कानूनी रूप से लागू किया गया, पंचायती राज व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य शक्ति का विकेन्द्रीकरण करना था। अनुच्छेद-40 के अनुसार, राज्य ग्राम पंचायतों का संगठन करने के लिए कदम उठाएगा और उनको ऐसी शक्तियाँ और अधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाईयों के रूप में कार्य करने के योग्य बनाते हैं।

**स्रोत-**हमारा संविधान, सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰-307

**82. पंचायती राज सर्वप्रथम प्रवर्तित किया गया-**

(A) आन्ध्र प्रदेश (B) उत्तर प्रदेश

(C) हिमाचल प्रदेश (D) राजस्थान **उत्तर-(D)**

**व्याख्या-**भारत में पंचायती राज व्यवस्था सर्वप्रथम बलवन्त राय मेहता समिति की अनुशंसा पर लागू की गयी। राजस्थान प्रथम राज्य था, जिसने पंचायती राज की स्थापना की। 2 अक्टूबर, 1959 ई. को प्रधानमन्त्री प. जवाहर लाल नेहरू ने नागौर में इसका उदघाटन किया। 1959 में ही आन्ध्र प्रदेश भी लागू कर राजस्थान के साथ पहले नम्बर पर आ गया।

**स्रोत-**भारतीय प्रशासन-बी.एल. फड़िया, पृष्ठ सं॰-591

**83. पंचायती राज को ............ के अन्तर्गत स्वशासन की इकाई के रूप में संगठित किया गया है-**

(A) भारतीय संविधान के मूल अधिकारों

(B) भारतीय संविधान की प्रस्तावना

(C) भारत के नीति निदेशक तत्व

(D) भारतीय संविधान के 73वाँ संशोधन **उत्तर-(D)**

**84. भारत में संघीय वित्त आयोग सम्बन्ध रखता है-**

(A) राज्यों के बीच वित्त से

(B) राज्यों एवं केन्द्र के बीच वित्त से

(C) केन्द्र एवं स्वशासित सरकारों के बीच वित्त से

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं **उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**संघ तथा राज्यों के बीच वित्तीय संबंधों के बारे में केन्द्रीय प्रधानता वाली भारतीय संघवाद की सामान्य प्रवृति के दर्शन कर सकते हैं। यानी वित्तीय दृष्टि से संघ अधिक सशक्त है। संविधान के अनुच्छेद 280 के उपबंध के अनुसार हर पाँचवे वर्ष की समाप्ति पर वित्त आयोग का गठन किया जाए और वह संघ तथा राज्यों के बीच कर आगमों के वितरण की जाँच करे एवं सहायता अनुदान का नियमन करने वाले सिद्धान्तों का निर्धारण करे।

**स्रोत-**हमारी संसद-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰-226

**85. बिहार को काटकर एक पृथक वनांचल राज्य बनाना संभव है-**

(A) राज्य विधानसभा में कानून पारित करके

(B) राज्यपाल द्वारा अध्यादेश पारित करके

(C) संवैधानिक औपचारिकता को सम्पन्न करके

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं **उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**अनुच्छेद-3 के अधीन संसद को किसी राज्य में से उसका राज्य क्षेत्र अलग करके अथवा दो या अधिक राज्यों को या राज्यों के भागों को मिलाकर अथवा किसी राज्य क्षेत्र को किसी राज्य के भाग के साथ मिलाकर नए राज्य का निर्माण करने की शक्ति प्राप्त है, किन्तु राज्य क्षेत्रों में परिवर्तन के संबंध में राज्यों को अपनी बात करने का अधिकार है, किन्तु राज्य विधानमंडल द्वारा व्यक्त विचार राष्ट्रपति या संसद पर बाध्यकारी नहीं होते हैं।

**स्रोत-**हमारा संविधान, सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰-66

**86. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के हाल के एक निर्णय के तहत अन्य पिछड़ी जाति समूह की सूची में 17 राज्यों की उपजातियों की एक संख्या को जोड़ा गया है वह संख्या है-**

(A) 116 (B) 126

(C) 136 (D) 146 **उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**अनुच्छेद-16(4) राज्यों को नागरिकों के किसी पिछड़े वर्ग में, जिनका प्रतिनिधित्व राज्य की राय में राज्य के अधीन सेवाओं में पर्याप्त नहीं, नियुक्तियों या पदों के आरक्षण के लिए विशेष उपबंध करने का अधिकार देता है।

**स्रोत-**हमारा संविधान, सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰-88

**87. भूमि सुधार ............ के विषयों के अन्तर्गत आता है-**

(A) संघ सूची (B) समवर्ती सूची

(C) राज्य सूची (D) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या-**भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में वर्णित राज्य सूची के अन्तर्गत भूमि सुधारों को शामिल किया गया है। भूमि सुधारों के उपायों को कारगर बनाने के लिए नवीं अनुसूची का प्रावधान किया गया।

**स्रोत-**भारत का संविधान-एक परिचय डी.डी. बसु

Downloaded from: www.studymarathon.com

88. **निम्नलिखित देशों में कौन-सा देश 'सार्क' का सदस्य नहीं है ?**
(A) चीन (B) म्यान्मार
(C) मालदीव (D) भूटान उत्तर-(A)
**व्याख्या**-सार्क (SAARC) यानि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ की स्थापना 7-8 दिसम्बर, 1985 ई. को की गई थी। इसके सदस्य देश है—भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश नेपाल, भूटान, श्रीलंका और मालदीव। इसका मुख्यालय 'काठमाण्डू' में है।
**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिकांक।

89. **विश्व में किस देश ने स्वयं को 'हिन्दू राष्ट्र' घोषित किया है ?**
(A) भारत (B) नेपाल
(C) श्रीलंका (D) भूटान उत्तर-(B)
**व्याख्या**-नेपाल ने स्वयं को 'हिन्दू' धर्मावलम्बी राष्ट्र घोषित किया है। यह विश्व का एकमात्र हिन्दू राष्ट्र है।

90. **गुटनिरपेक्ष आन्दोलन (Non Alignment Movement) के नेता कौन-से देश के थे ?**
(A) चीन (B) भारत
(C) पाकिस्तान (D) इण्डोनेशिया उत्तर-(B)
**व्याख्या**-इस आन्दोलन को शुरूआत सन् 1961 में बेलग्रेड सम्मेलन के द्वारा हुई। इसके संस्थापक नेता पण्डित जवाहर लाल नेहरू, कर्नल नासिर एवं टीटो थे। इस आन्दोलन का मुख्य लक्ष्य लोकतन्त्र विनिवेशीकरण, विकास निःशस्त्रीकरण एवं शान्ति है।
**स्रोत**-सामान्य ज्ञान दिग्दर्शन, यूनिक सामान्य अध्ययन

91. **इन देशों में से कौन-सा देश संयुक्त राष्ट्रसंघ का स्थायी सदस्य नहीं है ?**
(A) फ्रांस (B) जर्मनी
(C) चीन (D) यूनाइटेड किंगडम
उत्तर-(B)
**व्याख्या**-संयुक्त राष्ट्र संघ में पाँच स्थायी सदस्य हैं। इनके नाम हैं—संयुक्त राज्य अमेरिका ब्रिटेन, फ्रांस रूस तथा चीन।
**स्रोत**-यूनिक सामान्य अध्ययन, इलाहाबाद

92. **वह कौन एकमात्र भारतीय है, जिसको ग्रेट ब्रिटेन में लॉर्ड का खिताब दिया गया है।**
(A) स्वर्ण सिंह (B) स्वराज
(C) स्वराज पॉल (D) धनराज पाल
उत्तर-(C)

93. **आँत के रोग के निदान में निम्न किरणों का उपयोग किया जाता है-**
(A) X-किरणों का (B) $\alpha$ किरणों का
(C) $\beta$ किरणों का (D) $\gamma$ किरणों का
उत्तर-(A)

94. **प्रयोगशाला में सर्वप्रथम DNA का संश्लेषण किया था-**
(A) मिलर ने (B) खुराना ने
(C) डी॰ ब्रीज ने (D) कैल्विन ने
उत्तर-(B)
**व्याख्या**-हर गोविन्द खुराना भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक थे, जिन्होंने जीन का कृत्रिम संश्लेषण किया। इसके लिए इन्हें नोबल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।
**स्रोत**-मनोरमा ईयर बुक।

95. **जैव विकास को सर्वप्रथम किसने समझाया ?**
(A) न्यूटन ने (B) आइन्सटीन ने
(C) चार्ल्स डार्विन (D) लैमार्क
उत्तर-(D)
**व्याख्या**-जैव विकास के सिद्धांत को सर्वप्रथम लैमार्क ने अपनी पुस्तक 'फिलॉसाफी जूलॉजिक' में दिया। इसके द्वारा दिया गया सिद्धांत उपार्जित लक्षणों की वंशागति का सिद्धांत (लैमार्कवाद) कहलाता है।
**स्रोत**-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰197

96. **प्रकाश संश्लेषण के लिए कौन-सी गैस आवश्यक है?**
(A) $O_2$ (B) CO
(C) $M_2$ (D) $CO_2$
उत्तर-(D)
**व्याख्या**-हरे-पेड़ पौधे स्वपोषी होते हैं। ये प्रकाश-संश्लेषण द्वारा भोजन तैयार करते हैं। प्रकाश संश्लेषण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें पादप सूर्य के प्रकाश, पर्णहरित, $CO_2$ एवं जल का उपयोग कर कार्बोहाइड्रेट का निर्माण करते हैं-

$$6CO_2 + 12H_2O \xrightarrow[\text{पर्ण हरित}]{\text{सूर्य प्रकाश}} C_6H_{12}O_6 + 6H_2 + 6O_2$$

**स्रोत**-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-10 पृष्ठ सं॰-147

97. **निम्न रक्त वर्ग सार्वत्रिक दाता होता है?**
(A) B (B) O
(C) A (D) AB
उत्तर-(B)
**व्याख्या**-मनुष्य के रुधिर को चार वर्गों में बांटा गया है। जिन्हें 'A''B' "AB" तथा 'O' वर्ग कहते हैं। इसमें 'O' वर्ग सार्वत्रिक दाता है, क्योंकि इसमें कोई प्रतिजन नहीं होता।
**स्रोत**-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-10 पृष्ठ सं॰197

98. **पुरुष जीन संघटन होता है-**
(A) xx (B) xy
(C) x (D) y
उत्तर-(B)
**व्याख्या**-मनुष्य एकलिंगी जीव होता है, जिसमें गुणसूत्रों की



Downloaded from: www.studymarathon.com

संख्या 23 + 23 = 46 होती है, जो माता एवं पिता दोनों से प्राप्त होते हैं। मादा में xx गुणसूत्र तथा नर में xy गुणसूत्र होते है। जब गुणसूत्र xx मिलता है तो मादा पैदा होती है जब xy मिलकर युग्म बनता है तो नर पैदा होता है। इसलिए लिंग निर्धारण में पुरूष महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**स्रोत**-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कक्षा-10 पृष्ठ सं-194

**99. प्रकाश संश्लेषण होता है-**

(A) रात्रि में (B) दिन में

(C) दिन अथवा रात में (D) केवल दिन में

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-हरे-पेड़ पौधे स्वपोषी होते हैं। ये प्रकाश-संश्लेषण द्वारा भोजन तैयार करते हैं। प्रकाश संश्लेषण यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पादप सूर्य के प्रकाश, पर्णहरित, $CO_2$ एवं जल का उपयोग कर कार्बोहाइड्रेट का निर्माण करते हैं-

$$6CO_2 + 12H_2O \xrightarrow[\text{पर्ण हरित}]{\text{सूर्य प्रकाश}} C_6H_{12}O_6 + 6H_2 + 6O_2$$

**स्रोत**-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-10 पृष्ठ सं॰-147

**100. धोने के सोडे का रासायनिक सूत्र है-**

(A) NaOH (B) $Na_2CO_3$

(C) $NaHCO_3$ (D) $Ca(OH)_2$ **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-धोने के सोडा का रासायनिक सूत्र $Na_2CO_3$ जिसे 'सोडियम कार्बोनेट' कहा जाता है।

**धोने के सोडा के उपयोग—**

1. कपड़ा आदि धोने में, 2. काँच, कागज, साबुन आदि के उत्पादन में, 3. जल का स्थायी खारापन दूर करने में।

**स्रोत**-हाई स्कूल रसायनशास्त्र-II, भारती भवन, पृष्ठ सं॰-3।

**101. शुष्क बर्फ है-**

(A) ठोस पानी

(B) ठोस कार्बन डाई-ऑक्साइड

(C) निर्जला बर्फ

(D) ठोस हाइड्रोजन पाराऑक्साइड **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-शुष्क बर्फ, ठोस कार्बन डाइऑक्साइड होता है। $CO_2$ को जब उच्च दाब पर संपीडित करके ठण्डा किया जाता है तो कार्बन डाइऑक्साइड द्रव में संघनित हो जाता है। दाब बढ़ने पर द्रव $CO_2$ धीरे-धीरे ठोस में परिणत हो जाता है, जिसे शुष्क बर्फ कहते हैं। इसका उपयोग रेफ्रिजरेशन में होता है।

**स्रोत**-NCERT, कक्षा-9, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी।

**102. रसायन उद्योग में कौन-सा तेजाब मूल रसायनिक माना जाता है ?**

(A) $H_2CO_3$ (B) $HNO_3$

(C) $H_2SO_4$ (D) HCl **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-सल्फ्यूरिक अम्ल एक अत्यंत महत्वपूर्ण औद्योगिक रसायन है। इसको रसायनों का मूल रसायन कहा जाता है, क्योंकि अनेक उद्योगों में इसका वृहत रूप से उपयोग किया जाता है।

**स्रोत**-NCERT विज्ञान एवं औद्योगिक कक्षा-X पृष्ठ-224

**103. परमाणु के नाभिक में निम्न कण होते हैं-**

(A) प्रोट्रॉन एवं न्यूट्रॉन (B) इलेक्ट्रॉन एवं किरण

(C) प्रोटॉन एवं इलेक्ट्रॉन (D) इलेक्ट्रॉन एवं न्यूट्रॉन

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-परमाणु के नाभिक में प्रोट्रॉन एवं न्यूट्रॉन होता है। इलेक्ट्रॉन नाभिक की बाहरी कक्षा में होता है। प्रोट्रॉन धनआवेश, इलेक्ट्रॉन पर ऋण आवेश तथा न्यूट्रॉन उदासीन कण होता है।

**स्रोत**-हाई स्कूल रसायनशास्त्र-I, भारती भवन, पृष्ठ सं॰-71,72,73

**104. निम्न गैस को अश्रु गैस की तरह काम में लेते हैं-**

(A) $H_2$ (B) $SO_2$

(C) $N_2$ (D) $Cl_2$ **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-सल्फर डाई ऑक्सइड के सल्फर के कारण आँसू बहते हैं। इसका प्रयोग भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा किया जाता है।

**105. किस धातु से बनाया मिश्रधातु हवाई जहाज तथा रेल के डिब्बे में पुर्जे के काम में लिया जाता है ?**

(A) तांबा (B) लोहा

(C) एल्युमीनियम (D) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-एल्युमीनियम धातु ताँबे और लोहे की तुलना में हल्की होती है। इसका प्रयोग मुख्यत: हवाई जहाज एवं रेल के डिब्बा के पूर्जे बनाने में किया जाता है। एल्युमीनियम में जंग नहीं लगता है।

**स्रोत**-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-X, पृष्ठ सं॰-211

**106. पानी का घनत्व अधिकतम होता है-**

(A) 4°C (B) 4°K

(C) –4°F (D) –4°C

**उत्तर-(A)**

**107. दाढ़ी बनाने के लिए काम में लाते है-**

(A) अवतल दर्पण (B) समतल दर्पण

(C) उत्तल दर्पण (D) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-अवतल दर्पण निकट रखी वस्तु का सीधा, बड़ा तथा आभासी प्रतिबिंब बनाता है। इसलिए इसका उपयोग हजामती दर्पण, टॉर्च, वाहनों के हेडलाइट तथा डाक्टरों द्वारा रोगियों की जाँच संबंधी यंत्रों में उपयोग किया जाता है।

**स्रोत**-हाई स्कूल भौतिकी, भाग-2, भारती भवन, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-9

Downloaded from: www.studymarathon.com

**108. दोपहर के 12 बजे किस दिशा में इन्द्रधनुष दिखाई देता है?**

(A) पश्चिम में (B) दक्षिण में

(C) पूर्व में (D) यह नहीं देख सकते है।

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-दोपहर 12 बजे सूर्य ठीक सिर के ऊपर होता है, जिसके कारण प्रकाश का अपवर्तन वर्षा की बूँदों में नहीं हो पाता है अत: इन्द्रधनुष दिखलाई नहीं देता है। प्रकाश को प्रिज्म से गुजारने के पश्चात यह सात रंग में विभक्त हो जाता है-बैंगनी, जामुनी, नीला, हरा, पीला, नारंगी तथा लाल।

**स्रोत**-N.C.E.R.T. कक्षा-10, विज्ञान एवं प्रौद्योकिी पृष्ठ सं॰-50

**109. दूर-दृष्टि दोष निवारण के लिए काम में लेते हैं-**

(A) अवतल लेंस (B) उत्तल दर्पण

(C) उत्तल लेंस (D) अवतल दर्पण

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-दृष्टि संबंधी मुख्य रूप से चार प्रकार के दोष होते हैं-(1) निकट दृष्टि (2) दीर्घ दृष्टि (3) जरा-दूरदर्शिता (4) अबिंदुकता। दीर्घ दृष्टि दोष वाले व्यक्ति को दूर की वस्तुएँ दिखलाई देती है किन्तु नजदीक की वस्तुएँ स्पष्ट नहीं दिखलाई देती हैं। इस दोष को दूर करने के लिए उत्तल लेंस का प्रयोग किया जाता है।

**स्रोत**-कक्षा-10 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं॰-59

**110. फ्यूज का सिद्धांत है-**

(A) विद्युत का रासायनिक प्रभाव

(B) विद्युत का यांत्रिक प्रभाव

(C) विद्युत का ऊष्मीय प्रभाव

(D) विद्युत का चुम्बकीय प्रभाव **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-विद्युत परिपथों में फ्यूज एक सुरक्षा युक्ति है। यह एक तार का छोटा टुकड़ा होता है, जिसकी प्रतिरोधकता बहुत अधिक और उसका गलनांक बहुत कम होता है। फ्यूज का तार टीन + ताँबा का मिश्रधातु या टीन + लेड का मिश्र धातु होता है जिसका प्रतिरोध उच्च एवं गलनांक निम्न होता है।

**स्रोत**-N.C.E.R.T. कक्षा-10 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं॰-95

**111. प्रकाश का शून्याकाश में वेग अनुमानत: है-**

(A) $3\times10^{10}$ मीटर/से॰ (B) $3\times10^{8}$ मी॰/से॰

(C) $3\times10^{8}$ कि॰/से॰ (D) $3\times10^{8}$ प्रकाश वर्ष

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या-**प्रकाश की मुक्त या निर्वात में चाल $3\times10^{8}$ मी॰/से॰ होती है। प्रकाश की चाल माध्यम के अपर्वतांक पर निर्भर करती है। जिस माध्यम का अपवर्तनांक जितना अधिक प्रकाश की चाल उतनी ही कम होती है।

**स्रोत**-N.C.E.R.T. कक्षा-10, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं॰-39

**112. निम्न में से कौन-सा कथन सही है ?**

(A) $\pi$ अपरिमेय संख्या है (B) $e$ परिमेय संख्या है

(C) $\sqrt{2}$ सम संख्या है (D) $\infty$ वास्तविक संख्या है

**उत्तर-(A)**

**113. 4,000 रुपये पर 50% प्रति वर्ष की वार्षिक ब्याज वृद्धि से 2 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज चुनें-**

(A) 414 रुपये (B) 441 रुपये

(C) 410 रुपये (D) 401 रुपये **उत्तर-(C)**

व्याख्या-चक्रवृद्धि $= P\left(1+\frac{r}{100}\right)^t - P$

जहाँ P = मूलधन

$r$ = ब्याज दर, $t$ = समय

$$= 4{,}000\left(1+\frac{5}{100}\right)^2 - 4000$$

$$= 4{,}000 \times \frac{21}{20} \times \frac{21}{20} - 4000$$

$$= 4000 \times \frac{441}{400} - 4000$$

$= 4410 - 4000 = 410$ रू॰

**114. यदि $f : \{x, y, z\} \to \{a, b\}, f = \{(x, a), (y, b)\}$ से परिभाषित हो तो $f$–**

(A) एकिक फलन है (B) फलन नहीं है

(C) अन्तर्क्षेपी फलन है (D) आच्छादक फलन है

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-$f : \{x, y, z\} \to \{a, b\}$

$f = \{(x, a), (y, b)\}$ से परिभाषित है, तो $f$ अन्तर्क्षेपी फलन है।

**115. $x = \{a, b\}$, $y = \{2, 3\}$ एवं $z = \{3, 4\}$, तो $x \times (y \cap z)$ से चुनिए-**

(A) $\{(a, 3), (b, 3)\}$ (B) $\{(3, a), (3, b)\}$

(C) $\{(a, 2), (a, 4) (b, 2), (b, 4)\}$

(D) $\{a, b, 2, 3, 4\}$ **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-$y = \{2, 3\}, z = (3, 4)$

$\therefore\ y \cap z = \{3\}$

$\therefore\ x \times (y \cap z) = \{(a, b)\} \times \{3\}$

$= \{(a, 3), (b, 3)\}$

Downloaded from: www.studymarathon.com

**116.** एक आदमी एक साइकिल को 450 रुपये में बेचने पर 20% की हानि सहन करता है। साइकिल को 20% लाभ पर बेचने से उसका विक्रय मूल्य चुनिए-

(A) 652.50 रुपये (B) 765 रुपये

(C) 562.50 रुपये (D) 676 रुपये **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-अभिष्ट विक्रय मूल्य

$$= 450 \times \left(\frac{100+20}{100-20}\right) \text{रु॰}$$

$$= 450 \times \frac{3}{2} = 676 \text{ रुपये।}$$

**117.** 7 सेमी. अर्द्धव्यास के वृत का एक क्षेत्रक 120° का कोण बनाता है। क्षेत्रक का क्षेत्रफल चुनिए-

(A) 51.33 सेमी. (B) 53.13 सेमी.²

(C) 53.31 सेमी.² (D) 53.03 सेमी.² **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-क्षेत्रक का क्षेत्रफल $= \pi r^2 \times \frac{\theta}{360}$

$$= \frac{120°}{360°} \times \frac{22}{7} \times 7 \times 7$$

$$= \frac{1}{3} \times 22 \times 7 = \frac{154}{3} = 51.33 \text{ सेमी.}^2$$

**118.** $a$ का मान इस तरह चुनिए कि $2x + ay = 1$ एवं $3x - 5y = 7$ का कोई हल न हो-

(A) $\frac{3}{10}$ (B) $\frac{-10}{3}$

(C) $\frac{10}{3}$ (D) $\frac{-3}{10}$ **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-समीकरण $2x + ay = 1$

तथा $3x - 5y = 7$

इन दोनों समीकरण को हल करने पर इनका कोई हल नहीं होगा।

यदि, $\frac{a}{2} = \frac{5}{3}$

$\therefore \quad a = -\frac{10}{3}$

**119.** यदि किसी वृत का अर्द्धव्यास दोगुना करें तो उसके बढ़े हुए क्षेत्रफल का प्रतिशत चुनें।

(A) 400% (B) 100%

(C) 300% (D) 200% **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-अर्द्धव्यास दोगुना करने पर बढ़ा हुआ क्षेत्रफल = $\pi(2r^2) - \pi r^2$

$\therefore$ बढ़े हुए क्षेत्रफल का प्रतिशत

$$= \frac{4\pi r^2 - \pi r^2}{\pi r^2} \times 100$$

$= 300\%$

**120.** निम्नलिखित का सही मान चुनिए-

$$\frac{0.05 \times 0.05 \times 0.05 - 0.04 \times 0.04 \times 0.04}{0.05 \times 0.05 + 0.05 \times 0.04 + 0.04 + 0.04}$$

(A) 1.01 (B) 0.1

(C) 0 (D) 0.01 **उत्तर-(D)**

**व्याख्या:** $\frac{0.05 \times 0.05 \times 0.05 - 0.04 \times 0.04 \times 0.04}{0.05 \times 0.05 + 0.05 \times 0.04 + 0.04 \times 0.04}$

$$= \frac{(0.05)^3 - (0.04)^3}{(0.05)^2 + (0.05)(0.04) + (0.04)^2}$$

$$\left[\because \frac{a^3 - b^3}{a^2 + ab + b^2} = \frac{(a-b)(a^2 + ab + b^2)}{(a^2 + ab + b^2)}\right]$$

$$= [a - b] = 0.05 - 0.04 = 0.01$$

**121.** आस्ट्रेलिया के मिशनरी ग्राह्म स्टेन्स और उसके लड़के को मारने वाले मुख्य अभियुक्त का नाम है।

(A) आनंद पाल (B) अरविन्द पाल

(C) दारा सिंह (D) उपयोक्त से कोई नहीं

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-दारा सिंह हिन्दू उग्रपन्थी बजरंग दल का सदस्य था। इसने उड़ीसा में ग्राह्म स्टेन्स एवं उसके पुत्रों को इसलिए मारा; क्योंकि वे हिन्दुओं को ईसाई धर्म में परिवर्तन कर रहे थे।

**122.** सन् 1998 के पुरुषों के बिम्बलडन खिताब के विजेता हैं-

(A) गोरान इवानिसेविक (B) पीट सम्प्रास

(C) रिचर्ड क्राजीसेक

(D) आन्द्रे अगासी

**उत्तर-(B)**

**123.** उस राजनीतिक दल का नाम बताइए जो मिली-जुली केन्द्रीय सरकार का हिस्सा नहीं है, लेकिन जिसका सदस्य तेरहवीं लोकसभा का स्पीकर चुना गया है?

(A) तेलगूदेशम पार्टी (B) समता पार्टी

(C) जनता पार्टी (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-तेरहवीं लोकसभा के अध्यक्ष जी॰ ए॰ सी॰ बलयोगी थे, जो तलुगूदेशम पार्टी से सम्बन्धित लोकसभा सदस्य थे।)



Downloaded from: www.studymarathon.com

**124.** संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेम्बी ने 'कम्प्रिहेन्सिव टेस्ट बैन ट्रीटी (सी॰ टी॰ बी॰ टी॰) को कब अपनाया।
(A) 10 सितम्बर, 1996 (B) 24 अक्टूबर, 1996
(C) 10 अगस्त, 1996 (D) 1 मई, 1996

उत्तर-(B)

व्याख्या-सी.टी.बी.टी विश्व में परमाणु परीक्षणों अर्थात् परमाणु हथियार बनाने पर रोक लगाने के उद्देश्य से प्रस्तावित की गयी है। भारत ने अभी तक इस सन्धि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

स्रोत-यूनिक सामान्य अध्ययन, इलाहाबाद

**125.** पोखरण-II परीक्षण कब किया गया था?
(A) 11 जून, 1996 (B) 9 जून, 1998
(C) 11 मई, 1998 (D) 29 मई, 1998

उत्तर-(C)

व्याख्या-भारत सरकार ने 11 मई को राजस्थान के जैसलमेर जिले में अवस्थित पोखरण नामक स्थान पर पाँच आण्विक परीक्षण शक्ति-II कूटनाम से किए। भारत ने अपना पहला परमाणु परीक्षण 18 मई, 1974 ई॰ को पोखरण में ही किया था।

**126.** लोकसभा के वर्त्तमान उपाध्यक्ष हैं-
(A) श्री पी. एम. सईद
(C) श्रीमती नजमा हेपतुल्ला
(C) श्री सी. एम. बालयोगी
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(A)

**127.** हाल में ही सूचना प्रसारण मंत्री ने एक प्रणाली को शर्मनाक करार देकर बहिष्कृत किया, वह किस देश की है।
(A) अमेरिका (B) रूस
(C) पाकिस्तान (D) ब्रिटेन

उत्तर-(A)

व्याख्या-तत्कालीन सूचना एवं प्रसारण मंत्री सुषमा स्वराज ने अमेरिका की D.T.H. (Direct to Home) प्रणाली को शर्मनाक कहकर अस्वीकार कर दिया था परन्तु वर्तमान समय में इस प्रणाली को केन्द्र सरकार ने स्वीकृति दे दी है।

**128.** पाकिस्तान में सरकार का तख्ता पलटने वाले सेना प्रधान का नाम है-
(A) जनरल परवाल मुशर्रफ
(B) जनरल परवेज मुर्शीद
(C) जनरल परवेज मुशर्रफ
(D) जनरल ख्वाजा जियाउद्दीदन

उत्तर-(C)

व्याख्या-पाकिस्तान के तत्कालीन सेनाध्याक्ष (सेना प्रधान) परवेज मुशर्रफ ने 12 अक्टूबर, 1999 को वहाँ के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को अपदस्थ करके अपने आप को मुख्य कार्यकारी अधिकारी घोषित कर दिया। इसके पूर्व भी पाकिस्तान में सेनाध्यक्ष याह्या खान, जियाउल हक इत्यादि प्रजातांत्रिक रूप से चुनी गयी सरकारों का तख्ता पलट कर चुके हैं।

**129.** वाजपेयी 'बस कूटनीति' का किस देश से सम्बन्ध है?
(A) नेपाल (B) पाकिस्तान
(C) चीन (D) म्यान्मार

उत्तर-(B)

व्याख्या-गुजराल डॉक्ट्रिन (Gujral Doctrine) की तर्ज पर ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बस कूटनीति की शुरुआत, भारत के पड़ोसी देशों से संबंध सुधारने के लिए की थी। यह भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन था। वाजपेयी बस कूटनीति पाकिस्तान से सम्बन्धित है, जिसके तहत भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बस में सवार होकर लाहौर (पाकिस्तान) की यात्रा की थी एवं लाहौर घोषणा पत्र के जरिये दोनों देशों में संबंध सुधारने का प्रयास किया था लेकिन पाकिस्तान ने इस यात्रा के कुछ ही दिन बाद कारगिल युद्ध को प्रारंभ कर दिया था।

**130.** सन् 1998 ई॰ का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया है।
(A) बी. आर. चोपड़ा को
(B) आर. डी. बर्मन को
(C) यश चोपड़ा को
(D) अभिताभ बच्चन को

उत्तर-(A)

व्याख्या-यह पुरस्कार सन् 1970 ई॰ से सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।

**131.** हाल में ही डीजल की कीमतें बढ़ाई गई-
(A) सरकार की आय में वृद्धि हेतु
(B) सरकार की मनमानीपूर्ण निर्णय
(C) अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य के स्तर पर तद्नुसार मूल्य निर्धारण हेतु जो कि पिछली सरकार के उठाए गए लक्ष्य का परिपालन है।
(D) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर-(C)

व्याख्या-अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य के स्तर पर तद्नुसार मूल्य निर्धारण हेतु जो कि पहली सरकार के उठाए गए कदम का परिपालन है। प्रशासित मूल्य प्रणाली को समाप्त करने के उद्देश्य से अन्तराष्ट्रीय बाजार के अनुसार मूल्य निर्धारण के उद्देश्य से हाल ही में डीजल की कीमतें बढ़ाई गई है। इससे

Downloaded from: www.studymarathon.com

सरकार के तेल पूल में घाटे का आकार कुछ कम होगा। अप्रैल, 2002 ई. से सभी पेट्रोलियम उत्पादों (मिट्टी का तेल और L.P.G. को छोड़कर) की कीमत बाजार द्वारा निर्धारित होगी।

स्रोत-यूनिक सामान्य अध्ययन, इलाहाबाद

**132. इण्डिया टुडे का सम्पादक कौन हैं?**

(A) अरूण शौरी

(B) अरूण सूरी

(C) अरूण पुरी

(D) अनिल पुरी

उत्तर-(C)

**133. .......को अक्टूबर, 1999 में भारतीय क्रिकेट टीम का कोच नियुक्त किया गया।**

(A) कपिलदेव (B) अंशुमान गायकवाड़

(C) अजित वाडेकर (D) सुनील गवास्कर

उत्तर-(A)

**134. राष्ट्रीय खेल के किस खेल में पी.टी. उषा गोल्ड मैडल जीते?**

(A) 400 मीटर और 200 मीटर की दौड़

(B) 100 मीटर और 200 मीटर की दौड़

(C) 200 मीटर और 1500 मीटर दौड़

(D) 1500 मीटर और 400 मीटर दौड़

उत्तर-(B)

**135. मुरली मनोहर जोशी ने 10 मई, 1999 को स्वदेशी विज्ञान आन्दोलन का श्री गणेश कहाँ किया?**

(A) नई दिल्ली में (B) कोचीन में

(C) कोटटयम में (D) बंगलौर में

उत्तर-(B)

**136. कैबिनेट स्तर पर रेलमंत्री का नाम है।**

(A) नीतिश कुमार (B) रामविलास पासवान

(C) ममता बनर्जी (D) अनन्त कुमार

उत्तर-(C)

**137. निम्नलिखित में से पी. आई. ओ. कार्ड स्कीम किससे मेल खाती है।**

(1) इसका अभिप्राय भारतीय मूल के उन लोगों से है, जो विदेश में आवास रखते हैं।

(2) पी. आई. ओ. कार्ड रखने वालों के लिए वीसा जरूरी है।

(3) इसमें बांग्लादेश और पाकिस्तान के निवासी शामिल है।

(4) वे भारत में कहीं भी स्थायी सम्पति की प्राप्ति, अधिकार विनियम और विक्रय सुविधाएँ प्राप्त कर सकते हैं जिनमें कृषि और पौधों से सम्बन्धित भी शामिल है।

कूट :-

(A) 1 और 2

(B) 1, 2 और 3

(C) केवल 1

(D) उपरोक्त सभी

उत्तर-(D)

**138. बिहार में पागलखाना कहाँ पर स्थित है ?**

(A) धनबाद (B) नालन्दा

(C) पटना (D) राँची उत्तर-(D)

व्याख्या-झारखण्ड की राजधानी राँची के पास काँके में मानसिक रोग अनुसन्धान केन्द्र स्थित है। अब झारखण्ड राज्य में स्थित है।

स्रोत-मनोरमा ईयर बुक, 2013

**139. बिहार में इस्पात प्लान्ट केन्द्र कहाँ पर स्थित है।**

(A) धनबाद (B) राँची

(C) मिथिला (D) पटना उत्तर-(B)

व्याख्या-राँची (झारखण्ड की राजधानी) में भारी इन्जीनियरिंग संयन्त्र अवस्थित है।

स्रोत-नवीन स्कूल राष्ट्रीय एटलस

**140. जातिवाद पर आधारित आतंकवादी सेनाओं की राजनीति निम्नलिखित राज्य में है-**

(A) बिहार (B) उत्तर प्रदेश

(C) आन्ध्र प्रदेश (D) महाराष्ट्र उत्तर-(A)

व्याख्या-बिहार में जातिवाद पर आधारित आतंकवादी सेनाएँ है—जैसे रणवीर सेना और एम.सी.सी.

स्रोत-बिहार एक परिचय : इम्तियाज अहमद।

**141. कोयले से चलने वाले तीन थर्मल पॉवर स्टेशन बिहार में स्थित हैं। वे इस प्रकार हैं-**

(A) चन्द्रापुर, पंचाट, बरौनी (B) बोकारो, पंचाट, चन्द्रापुर

(C) बरौनी, चन्द्रापुर, सन्तालडीह

(D) बोकारो, चन्द्रापुर, सन्तालडीह उत्तर-(D)

व्याख्या-कोयले से चलने वाले ये तीनों थर्मल पॉवर स्टेशन नवगठित राज्य झारखण्ड में चले गये हैं।

**142. सन् 1991 ई. की जनगणना के अनुसार जनसंख्या के आधार पर भारत में कौन-सा राज्य दूसरे नम्बर पर बड़ा राज्य माना जाता है।**

(A) पश्चिम बंगाल (B) महाराष्ट्र

(C) बिहार (D) उत्तर प्रदेश उत्तर-(C)

व्याख्या-वर्तमान में 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या के आधार पर बिहार तीसरे स्थान पर है, लेकिन प्रश्न पूछते समय उत्तर (C) होगा।

स्रोत-जनगणना रिपोर्ट-2011

Downloaded from: www.studymarathon.com

**143. पूर्व में बंगाल का शोक कही जाने वाली बिहार से उदगम होने वाली है-**

(A) बराकर (B) दामोदर

(C) मयूराक्षी (D) सुवर्ण रेखा

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-नवगठित झारखण्ड राज्य बनने के बाद दामोदर का उदगम बिहार न होकर झारखण्ड हो गया। यह नदी, बंगाल में तबाही मचाती। यही वजह है कि इसे 'बंगाल का शोक' कहा जाता है।

**स्रोत**-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस।

**144. सबसे बड़ा नगर है-**

(A) धनबाद (B) गया

(C) जमशेदपुर (D) राँची

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-नवगठित राज्य झारखण्ड में गया छोड़कर सभी शहर चले गये है। इनमें से सबसे बड़ा नगर जमशेदपुर, उसके बाद धनबाद, इसके बाद राँची।

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था-दत्त एवं सुन्दरम पृष्ठ सं॰-32

**145. बिहार से होकर जाने वाला राजमार्ग है-**

(A) NH-3 (B) NH-8

(C) NH-22 (D) NH-23

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-NH–23 झारखण्ड से गुजरता है।

बिहार से गुजरने वाला प्रमुख NH है—NH-31 NH-106 NH-57 NH-105 NH-77, NH-28, NH-28A, NH-85, NH-19, NH-30, NH-2, NH-83, NH-80

**स्रोत**-ऑक्सफोर्ड एटलस।

**146. बिहार की सन् 1981–91 के दशक में जनसंख्या वृद्धि की दर है-**

(A) 19.76% (B) 21.33%

(C) 23.54% (D) 24.06%

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-बिहार में दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर

1981–91 — 23.54%

1991–2001—28.4%

2001–2011 — 25.07%

**स्रोत**-जनगणना रिपोर्ट-2011

**147. बिहार की सीमा से लगने वाले भारत के राज्यों की संख्या है-**

(A) चार (B) पाँच

(C) छः (D) सात

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-नवगठित झारखण्ड राज्य बनने के बाद अब तीन राज्यों से सीमा लगती है। जैसे—U.P, झारखण्ड, प. बंगाल

**स्रोत**-ऑक्सफोर्ड एटलस।

**148. बिहार राज्य में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की अधिकतम संख्या होने का कारण है-**

(A) भूमि सुधारों की असफलता

(B) राजनैतिक इच्छा का अभाव

(C) श्रमिक वर्ग की अधिक संख्या

(D) उपरोक्त सभी

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-बिहार में गरीबी के अधिकतम संख्या के कारण-भूमि सुधार की असफलता, राजनैतिक इच्छा शक्ति अभाव, अकुशल श्रमिक वर्ग की अधिक संख्या।

**स्रोत**-बिहार एक परिचय : इम्तियाज अहमद।

**149. 'लीनक्स' एक नाम है-**

(A) ऑपरेटिंग सिस्टम (B) एक बीमारी का

(C) एक केमिकल का

(D) एक कम्प्यूटर का वाइरस का

**उत्तर-(A)**

**150. नालन्दा विश्वविद्यालय के विनाश का कारण था-**

(A) मुसलमान (B) कुषाण

(C) सीथियन्स (D) मुगल

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-12वीं सदी मुस्लिम आक्रमणकारी बख्तियार खिलजी ने इस विश्वविद्यालय को ध्वस्त किया एवं वहाँ के अनेक भिक्षुओं की हत्या की। विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को भी जला दिया।

●●●

Downloaded from: www.studymarathon.com